दैनिक जागरण
25-11-2025

# डा. नेहा को सरोजिनी नायडू– द नाइटिंगेल आफ इंडिया अवार्ड

अंबाला ◈ विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की सहायक प्राध्यापक डा. नेहा अग्रवाल को डा. सरोजिनी नायडू– द नाइटिंगेल आफ इंडिया इंटरनेशनल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड उनको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेशनल चेंबर आफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री (आइसीएमईआइ) द्वारा दिया गया है। डा. नेहा जीएमएन कालेज में रसायन शास्त्र की विभागाध्यक्ष एवं वीमेन सेल की कनवीनर हैं। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस उपलब्धि पर डा. नेहा अग्रवाल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की गौरवशाली उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण नाम है।



जीएमएन कालेज की सहायक प्राध्यापक डा. नेहा अग्रवाल अवार्ड लेते हुए ◈ विज्ञप्ति

उनकी कर्मठता, विद्वत्ता और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण उन्हें विशिष्ट बनाते हैं।